सार-समाचार

अवैध अफीम जब्त, एक गिरफ्तार

मंडफिया, (निसं)। मंगलवाड़ थाना पुलिस ने गश्त के दौरान 5 किलो 20 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ सरितासिंह के निर्देशन में व पुलिस उप अधीक्षक बडीसादडी देशराज कुलदीप के सुपरविजन में दिनांक 17 मार्च 2025 को थानाधिकारी भगवानलाल मय जाप्ते के सर्कल गश्त करते हुए निम्बाहेडा मंगलवाड स्टेट हाईवे रोड पर, मेवाड भोजनालय के सामने सरहद लख्मीपुरा पहुंचे, जहां एक व्यक्ति बावर्दी पुलिस जाप्ता व बोलेरो सरकारी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकडकर नाम पता पूछा तो अपना नाम श्यामलाल पिता लादुराम जाति विश्नोई (24) निवासी जम्भेश्वर नगर, केतु मंदा थाना बालेसर जिला जोधपुर होना बताया। जिसकी नियमानुसार तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जेशुदा बैग से कुल वजन 05 किलो 20 ग्राम अवैध अफीम जब्त किया जाकर अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी भगवानलाल, एएसआई फूलचंद, हैडकानि. ईश्वरसिंह, कानि राकेश कुमार, सुनिल कुमार, प्रेमाराम थे।

विहिप बजरंग दल की बैठक

कपासन, (निसं)। कपासन में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति और दुर्गावाहिनी की प्रखंड बैठक सगस बावजी मंदिर में आयोजित की गई। विहिप जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा ने रामोत्सव, हनुमान जन्मोत्सव और सीता नवमी को व्यापक स्तर पर मनाने का आ ान किया।बैठक में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। मुकेश जागेटिया को परिषद का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। लाला चाष्टा को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। रमेश हरिजन को सामाजिक समरसता सह प्रमुख और राजू सालवी को धर्माचार्य सह प्रमुख नियुक्त किया गया। बजरंग दल में गजेंद्र आचार्य नगर संयोजक और अक्षत सिरोया सह संयोजक बने। राम नवमी के अवसर पर 6 अप्रैल को भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। बजरंग दल के जिला सह संयोजक रोहित सिंह राजपूत ने रैली की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने मंदिर पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों से संपर्क कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। नगर को सजाने और स्वागत द्वार लगाने की योजना भी बनाई गई। बैठक में विहिप नगर अध्यक्ष छोटू वैष्णव, प्रखंड उपाध्यक्ष हिमांशु टांक, नगर सह मंत्री सुरेश जीनगर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

भीण्डर, (निसं)। जैन मुनि प्रषम सागर महाराज ने सोमवार को धरियावद में समाधिलीन हो गये थे। इस पर उनकी जन्मभूमि भीण्डर में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया। समाज प्रवक्ता इन्द्र लाल फान्दोत ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज के परम शिष्य मुनि प्रशम सागर महाराज का सोमवार को धर्मनगरी धरियावद में समाधिलीन हो गये। प्रशम सागर महाराज का गृहस्थ जीवन का नाम चांदमल बोहरा कम्पाउंडर साहब था। भींडर में जन्मे थे एवं उदयपुर में प्रवासी थे, कम्पाउंडर के सेवा कार्य को बहुत ही श्रेष्ठ बनाया एवं समाज की सेवा की गृहस्थ जीवन में गुरुजनों की सेवा व सानिध्य में रहकर ज्ञान, वैराग्य प्राप्त किया गृहस्थ जीवन में भी उदासीन वृत्ति से रहते थे। आचार्य वर्धमान सागर की प्रेरणा से 75 वर्ष की आयु में निग्रंथ मुनि दीक्षा तीर्थ राज सम्मेद शिखर सिद्ध क्षेत्र पर शिक्षा दीक्षा सिद्धहस्त गुरुवर्य आचार्य वर्धमान सागर महाराज से सन्यास धारण कर लिया। सोमवार को शारीरिक अस्वस्थता को देखते हुए धरियावद में चारों प्रकार के आहार-पानी का त्याग कर यम सल्लेखना धारण कर समता भाव से अपनी देह का त्याग कर स्वर्गारोहण प्राप्त किया।इसको लेकर मंगलवार को भीण्डर स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर में मुनि अपूर्व सागर महाराज, मुनि अर्पित सागर महाराज, मुनि विवर्जित सागर महाराज के सानिध्य में समाजजनों ने मुनि प्रशम सागर महाराज को श्रद्धांजलि दी।

फोटोग्राफर ने फंदा लगाकर दी जान

कपासन, (निसं)। कपासन के मुंगाना गांव में 21 वर्षीय युवक कमलेश सालवी ने अपने कमरे में मफलर से फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय घर पर केवल उसकी दादी मौजूद थी। रात 10 बजे कमलेश कमरे में सोने गया था। कमलेश के पिता ने पुलिस को दी रिपोर्ट के अनुसार, बीती रात 9 बजे वह और उनकी पत्नी खेत की रखवाली के लिए गए थे। रात 10 बजे कमलेश अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह देर तक नहीं उठा, तो दादी ने कमरे में झांककर देखा। कमलेश छत से मफलर के सहारे लटका हुआ था। कमरे में उसके नीचे गैस की टंकी भी आड़ी पड़ी मिली। दादी की आवाज सुनकर पडोसी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस और कमलेश के माता-पिता भी खेत से घर आ गए। युवक को फांसी से उतारकर उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एएसआई सुभाष यादव ने बताया कि मृतक के पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। परिवार ने आत्महत्या के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है और न ही किसी पर शक जताया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। कमलेश ने 12वीं तक पढ़ाई की थी। वह फोटोग्राफी का काम करता था।

करंट से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के पंचायत समिति दोवड़ा परिसर में लगी विधुत डीपी से करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दोवड़ा पंचायत समिति के अतिरिक्त विकास अधिकारी गिरीश कलाल, वरिष्ठ सहायक धीरज जोशी, चिराग पंचाल, नरेश खराड़ी मौके पर पहुंचे और मृत मोर को वनविभाग के सहायक वनपाल चन्द्रवीर सिंह को सौपा। वनपाल ने घटना की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दी जिसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन पाटीदार की टीम द्वारा मृत मोर के पोस्टमार्टम की कार्यवाही के उपरांत राजकीय सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार किया गया।

90 भेड़ों की मौत

उदयपुर, (कासं)। वल्लभनगर थाना क्षेत्र के गोटिया गांव में 11 हजार केवी बिजली लाइन टूटकर बाडे में गिर गई। जहां बाडे में करंट की चपेट में आने से 90 भेडो की मौके पर ही मौत हो गई। बाडे में नारायण लाल और कना गाडरी की 70 भेडे और भेडो के 20 मेमने थे। हादसे की सूचना पर रेन्जर तुरन्त मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी दिनेश पाटीदार और तहसीलदार नरेन्द्र चौहान को सूचना दी। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी हितेश मीणा ने टीम के साथ पहुंचकर मृत भैडो का पोस्टमार्टम किया।

जेवर व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। सायरा कस्बे में घर में घुस कर जेवर व नकदी चोरी करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अुनसार पीडित थानाराम पत्रु रताराम गमेती निवासी मन्दार मालरा बान्दा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 16 फरवरी रात में मेरे परिवार सहित मकान के आंगन में सोया था। इस दौरान रात में आए करीब पांच चोर पिछवाडे से मकान में घुस कर कमरें से सोने के टॉप्स, नथ, चांदी की हासली, 3 हजार रूपये नकदी एवं 2 बकरिया चुरा ले गए। दूसरे दिन जाग होने पर वारदात की जानकारी मिलने पर बदमाशों की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा।

आरटीओ ऑफिस का किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)। जिला कलक्टर नमित मेहता ने मंगलवार सुबह चित्रकूट नगर स्थित प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में कामकाज संबंधी जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर मेहता मंगलवार सुबह पंजाब के राज्यपाल व चण्डीगढ़ के गर्वनर गुलाबचंद कटारिया के प्रस्थान पर प्रोटोकॉल में डबोक एयरपोर्ट गए। वहां से आते समय अचानक आरटीओ ऑफिस में पहुंचे। उन्होंने आरटीओ व डीटीओ कक्ष सहित कार्यालय की सभी शाखाओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान कार्मिकों से संवाद कर कामकाज की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों व रिकार्ड के ढेर देखकर कलक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने आरटीओ ज्ञानदेव विश्वकर्मा को रिकार्ड का बेहतर संधारण कराने तथा अधिक पुराने दस्तावेजों का विभागीय नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व रंगरोगन आदि कराकर अप-टू-डेट करने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने लाईसेंस शाखा का निरीक्षण करते हुए वहां मौजूद आवेदकों से भी संवाद किया। उन्होंने लाईसेंस जारी करने, नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों की प्रक्रिया की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी वारसिंह, जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा सहित परिवहन निरीक्षक व कार्मिक उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान जिंक द्वारा राजसमंद में 70 नए नंदघरों का शुभारंभ

उदयपुर, (कासं)। भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के सहयोग से राजसमंद जिले में 70 नए नंद घरों का शुभारंभ किया। नंद घर आधुनिक आंगनवाड़ी हैं जो समग्र महिला और बाल विकास के केंद्र के रूप में कार्य करते हैं। इस मील के पत्थर से पूर्व 31 नंद घरों का उद्घाटन दिसंबर माह में किया गया। जिससे जिले में इन अत्याधुनिक बाल देखभाल और महिला

- **दीप्ति माहेश्वरी ने समग्र सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में आधुनिक आंगनवाड़ियों के महत्व पर जोर दिया**

सशक्तिकरण केंद्रों की कुल संख्या इस वर्ष 100 से अधिक हो गई है, जिससे राजस्थान की आंगनवाड़ी बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिली है। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा राजस्थान में 15 जिलों में 4200 केंद्रों और राजसमंद में लगभग 700 केंद्रों की उपलब्धि का लक्ष्य है। राष्ट्रीय स्तर पर, नंद घर पहल ने 15 राज्यों में 7,500 से अधिक आंगनवाड़ियों का आधुनिकीकरण किया है, जिसका 3,लाख से अधिक बच्चों और 2 लाख महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

जिले के कुरज में मंगलपुरा विद्यालय प्रांगण में आयोजित उद्घाटन समारोह में राजसमंद विधायक दीप्ति

राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी और हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने उद्घाटन किया।

माहेश्वरी, हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा, सीएफओ संदीप मोदी, सीएचआरओ मुनीश वासुदेवा, वेदांता ग्रुप सीएसआर हेड अनुपम निधि, हिंदुस्तान जिंक, जिला प्रशासन के अधिकारी, ग्राम सरपंच और स्थानीय समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। अतिथियों ने कुरज नंदघर का रिबन काटकर एवं अन्य नंदघरों का डिजिटल उद्घाटन किया। आंगनबाडी कार्यकताओं को प्रतिकात्मक चाबी एवं नंदघर के बच्चों को लर्निंग किट प्रदान किए। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीप्ति माहेश्वरी ने समग्र सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में आधुनिक आंगनवाड़ियों के महत्व पर जोर दिया और राजस्थान के प्रारंभिक बाल्यअवस्था में देखभाल और शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में हिन्दुस्तान जिंक और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह राजसमंद के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। नंद घर पहल सरकार, जिला प्रशासन, अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन और हिन्दुस्तान जिंक के बुनियादी स्तर पर महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और सशक्तिकरण की दिशा में साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं की भूमि है और हिन्दुस्तान जिंक में हम बुनियादी स्तर पर अवसरों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 100 से अधिक नंद घरों का उद्घाटन महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पोषण तक पहुंच प्रदान करके ग्रामीण समुदायों को बदलने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। साथ मिलकर हम एक अधिक सशक्त भारत का निर्माण कर रहे हैं। नंद घर अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन की प्रमुख सामुदायिक पहल है, जिसे भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ साझेदारी में विकसित किया है। ये आधुनिक आंगनवाड़ियां पोषण कार्यक्रमों, डिजिटल प्रारंभिक बाल्यअवस्था की देखभाल व शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और महिला सशक्तिकरण गतिविधियों के माध्यम से व्यापक विकास के अवसर प्रदान करती हैं। कुरज में नए उद्घाटन किए गए नंद घरों के साथ, राजसमंद और रेलमगरा ब्लॉकों में मौजूदा नंद घरों से हिन्दुस्तान जिंक राजस्थान के ग्रामीण समुदायों में जमीनी स्तर पर विकास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह विस्तार अगले दो वर्षों में राजस्थान भर में 25 हजार नंद घर स्थापित करने के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो स्थायी ग्रामीण परिवर्तन को बढ़ावा देता है।

हादसे में श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। खेरवाडा कस्बे में हुए सडक हादसे में घायल श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरवाडा थाना क्षेत्र मौतली चौराहा रोड पर आमने सामने दो बाईक की भिडंत में गंभीर घायल गणेश घाटी ऋषभदेव निवासी दीपक कुमार (24) पुत्र जीवतराम उर्फ जीवा खराडी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 4 मार्च को दीपक बाइक पर अपने घर से ससुराल शिशोद जा रहा था। जहां बीच रास्ते में मोतली चौराहा खेरवाडा पर सामने से आ रही अन्य बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे गंभीर घायल होने पर दीपक को उपचार के लिए डूंगरपुर चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण करने पहुंचे जिला कलेक्टर

उदयपुर, (कासं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता कुशल प्रशासनिक नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए लगातार जिले के विभिन्न कार्यालयों उपखंडों, तथा राजकीय संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे है। इसी क्रम में वे मंगलवार को उदियापोल स्थित केंद्रीय कारागृह का अवलोकन करने पहुँचे। जेल परिसर पहुँचने पर जवानों ने जिला कलेक्टर मेहता को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जेल अधीक्षक राजपाल सिंह ने जिला कलेक्टर का स्वागत करते हुए जेल व्यवस्थाओं की सामान्य जानकारी के बारे में उन्हें अवगत करवाया।

जिला कलेक्टर मेहता सर्वप्रथम जेल परिसर स्थित रसोई कक्ष में पहुँचे जहाँ साफ - सफाई संतोषजनक पायी जाने पर जेल अधीक्षक को इसी प्रकार व्यवस्थाएं जारी रखने को कहा, इस अवसर पर उन्होंने कैदियों हेतु तैयार हुए भोजन को भी चखा तथा स्वाद एवं गुणवत्ता के संबंध में संतोष प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने चालानी गार्ड, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्थाओं के बारे में भी जेल अधीक्षक से जानकारी ली।जिला कलेक्टर मेहता ने जेल परिसर में बैरकों का भी अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने सजायाफ्ता कैदियों से संवाद करते हुए कहा कि सुधारने की गुंजाइश सभी में होती है जेल में स्वस्थ वातावरण का निर्माण करें जिससे सभी को सुधरने का मौका मिले। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कैदियों से उनके शैक्षणिक स्तर के बारे में भी जानकारी ली तथा सभी को शिक्षा से जुडने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जेल अधीक्षक से कहा कि समय-समय पर विभिन्न खेल गतिविधियां भी आयोजित करते रहें। जेल परिसर स्थित हॉबी कक्ष में पहुंच कलेक्टर मेहता ने आर्केस्ट्रा बैंड की प्रस्तुति को भी सुना तथा उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यहां लाइब्रेरी में सामान्य पुस्तके एवं अन्य संसाधन भी उपलब्ध करवाएं। जिला कलेक्टर ने ऑर्केस्ट्रा बैंड एवं जेल परिसर के डांस ग्रुप की प्रस्तुतियों को देख कहा कि अन्य कैदियों को भी हॉबी कक्षाओं एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुडने हेतु प्रेरित करें।

गहने चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस व जिला पलिस की स्पेशल टीम ने शादी समारोह एवं बसों से गहने व नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 18 जनवरी 2025 को वर्धमान स्थानक सेक्टर 4 हिरणमगरी में चोरी की घटना को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी व स्पेशल टीम प्रभारी श्यामसिंह रत्नू के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए थाने के प्रकरण संख्या 37/23 मामले में मुखबीर से व अन्य संसाधनो से मिली सूचना के आधार पर अंशुल दक पुत्र महावीर दक निवासी एकलिंगपुरा अरिहंत कॉलोनी मनवार होटल के पिछे सविना को गिरफ्तार किया। 19 जनवरी को पीडित अश्विन परमार पुत्र मगनलाल परमार निवासी ए ब्लॉक हिरणमगरी सेक्टर 14 ने रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि मैं व मेरे परिवार व रिश्तेदार सहित 18 जनवरी को विवाह समारोह में वर्धमान स्थानक सेक्टर 4 हिरणमगरी में जाकर ठहरे थे। रात में वहां से वापस रवाना होकर गणपती वाटिका पहुंचे।

शोक जताया

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को उदयपुर पहुंचकर राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने मेवाड राजमहल पहुंचकर दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके निधन को राजस्थान के लिए अपूरणीय क्षति बताया।गोविंद सिंह डोटासरा ने अरविंद सिंह मेवाड के सुपुत्र लक्षराज सिंह से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अरविंद सिंह मेवाड का राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

घड़ी शोरूम में आग लगी, दुकान मालिक के परिवार को बचाया

उदयपुर, (कासं)। शहर के बापू बाजार में मंगलवार सुबह दस बजे सिल्वर टाइम हाउस नामक घड़ी के शोरूम में लगी आग के बाद पूरे बाजार में अफरा-तफरी का मच गई। तीन मंजिला शोरूम के एक फ्लोर पर मालिक का परिवार भी फंस गया। आग की सूचना के बाद बाजार के एक हिस्से को खाली कराया गया। सैकड़ों लोगों को आसपास से हटाने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। घटना की सूचना पर नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, मुख्य

- **तीन मंजिला शोरूम के एक फ्लोर पर मालिक का परिवार भी फंस गया था**
- **आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, भीड़ को शोरूम से दूर किया**

अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी, अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीणा एवं पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस के अनुसार सुबह दस बजे बापू बाजार में एक घड़ी कंपनी के शोरूम में आग लगने की सूचना मिली

बापू बाजार में घड़ी के शोरूम में लगी आग को बुझाती दमकल।

थी। मौके पर जानकारी मिली कि शोरूम मालिक निकेश वलवानी का परिवार भी इसी बिल्डिंग की तीसरी फ्लोर पर फंसा है। पूरा परिवार करीब दो घंटे तक फंसा रहा। पहली मंजिल पर आग लगी थी, लेकिन कुछ मिनटों में ही दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। रेस्क्यू टीम परिवार तक पहुंचने की दो घंटे तक कोशिश करती रही, लेकिन लपटें तेज होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो सका। सूचना पर अशोक नगर, चेतक, मीरा कलामंदिर तथा मादड़ी से पहुंचे नौ अग्निशमन वाहनों ने लगभग तीन घंटे में 20 ट्रिप पानी छिड़ककर आग पर काबू पाया। इस दौरान आग में फंसे परिवार को पुलिस कर्मियों ने पड़ौसी की छत से पहुँचकर रेस्क्यू किया। अग्निशमन कर्मचारियों ने एरियल हाइड्रो प्लेटफार्म लेडर से तीसरी मंजिल में पड़े रसोई गैस सिलिंडर निकाल कर एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। भीड़ को शोरूम से दूर किया गया है। आसपास के दुकानदारों को भी दुकान बंद रखने के लिए कहा गया है। सूरजपोल थाना के उप निरीक्षक और भावेश गुर्जर ने सीढी लगाकर दुकानदार, उनकी पत्नी और दोनों बच्चों को बगल वाली बिल्डिंग से सुरक्षित बाहर निकाला। शोरूम मालिक के रिश्तेदार प्रकाश आहूजा ने बताया कि घर में मेरी भांजी, उनके पति और दो बच्चे थे। वे सुबह करीब नौ बजे नीचे आए तो जलने की बदबू आई। इसके बाद ऊपर पानी लेने गए, लेकिन आग फैल गई। धुआं ऊपर तक आने से बाहर नहीं निकल पाए।

सार-समाचार

दो आदतन अपराधी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने हार्डकोर अपराधी दिलिपनाथ गैंग के दो गुर्गो को पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पिस्टल बरामद की। दोनों गुर्गे को आका के इशारे पर लोगों को धमकाकर जमीन पर कब्जा करने की योजना थी।प्रकरण के अनुसार 12 मार्च 25 को नाई थानाधिकारी लीलाराम मय टीम ने गश्त के दौरान सीसारमा के जंगल सफारी क्षेत्र से हिस्ट्रीशिटर दिलीपनाथ गैंग के गुर्गे यशपाल सालवी को अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जांच गोवर्धन विलास थनाधिकारी दिलीप सिंह झाला को सौंपी थी। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल द्वारा की गई पूछताछ में यशपाल ने बरामद पिस्टल अम्बामाता थाने के हिस्ट्रीशिटर नरेश पालीवाल से खरीदना बताया। इस पर यशपाल सालवी पुत्र कन्हैयालाल सालवी निवासी डी ब्लॉक हिरणमगरी सेक्टर 14 तथा नरेश पालीवाल पुत्र भवानीशंकर पालीवाल निवासी आर्यसमाज भवन के पास ए ब्लॉक सज्जननगर अम्बामाता को गिरफ्तार किया। यशपाल व नरेश पालीवाल दोनों हार्डकोर अपराधी दिलीपनाथ गैंग के बदमाश है। जो अपने आका के कहने पर कई वारदातों को अंजाम देते है। हाल ही में दिलिपनाथ के ईशारे पर हथियार दिखा कर संपन्न भू मालिकों को धमका कर एग्रीमेंट करवा कब्जा करते है। पुलिस ने दोनों को 5 दिन के लिए पुलिस रिमाण्ड पर लिया है।चाकू के हमले में अधेड़ घायल

आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। बडगांव थाना क्षेत्र में युवक पडोसी के घर में घुस कर अधेड पर चाकू से हमला कर फरार हो गया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता निलीमा पत्नी देवेन्द्र श्रीमाली निवासी गायत्री सदन बापुनगर कंचन कुटिया बडगांव ने पड़ौसी रितिक पुत्र शेखरचंद श्रीमाली निवासी बापूनगर बडगांव के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 17 मार्च सवेरे मेरे ससुर ओमशंकर श्रीमाली छत पर सूर्य को अर्घ्य दे रहे थो इसी दौरान पड़ौसी घर में घुसकर ससुर के दाहिनें कंधे पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। चिल्लाने की आवाज सूनकर आए परिजनों ने उसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। इधर इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एएएसआई रोशनलाल मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रितेश को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

वृद्धा की सोने की नथ छीनी

उदयपुर, (कासं)।डबोक कस्बे में बाइक सवार बदमाश खेत पर जा रही वृद्धा को रोक नाक से सोने की नथ छिन ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता हिरालाबाई (75) पत्नी अमराजी निवासी बेलवा दरोली ने डबोक पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 28 जनवरी को मैं घर से खेत पर जाने के लिए बाईपास होते हुए पैदल जा रही थी रही थी। जहां बीच रास्ते में आए बाइक सवार दो बदमाशों ने मुझे रोक कर निचे बिठाया तथा नाक से सोने की नथ छिन ली।

'मंत्रियों की नहीं होती सुनवाई, सरकार में ब्यूरोक्रेसी हावी'

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को उदयपुर प्रवास के दौरान सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहाकि भाजपा एक ड्रामा पार्टी है। सरकार में ब्यूरोक्रेसी हावी है,जहां पर मंत्रियों की सुनी नहीं जा रही है।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए डोटासरा ने किरोडी लाल मीणा पर कहा कि जयपुर में अक्षय पात्र चौराहे पर सीएम रूट लाइन पर ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले एएसआई सुरेंद्र कुमार की पत्नी को सहायता देने की मांग को लेकर केबिनेट मंत्री डीजीपी के घर जाकर गेट पर खडा होकर टक.टक करते है। उन्होंने कहा जनता अब किरोडी की बात को गंभीरता से नहीं लेती है। एक केबिनेट मंत्री को सरकार चुप नहीं करा सकती या छुट्टी नहीं कर सकती। उनको अनुशासनहीनता का नोटिस दिया। उसके बाद भी वे एएसआई के परिवार को न्याय की बात हो, फोन टेपिंग हो या बजरी पर बोल रहे हैं। सरकार अपनी पार्टी के केबिनेट मंत्री डॉ.किरोडी लाल मीणा को न तो चुप करा पा रही।

सूचनार्थ

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC Identification No. EC24C0108RJ5697690N राज्य स्तरीय पर्यावरण के File No.:-RJ/24/SEAC-4(06)/MIN/R.EC/2127 दिनांक 7 मार्च 2025 के द्वारा श्री ताजु डेण्डोर पुत्र श्री भगुड़ा डेण्डोर, निकट ग्राम हिरणावली, तहसील सागवाड़ा, जिला डूँगरपुर में स्थित क्वारी लाईसेन्स प्लाट संख्या 7 वास्ते खनिज पट्टी कातला (फिलाईट शिष्ट) क्षेत्रफल 0.18 हैक्टर के लिए जिला स्तर की कमेटी के द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुनः मुल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी (SEIAA) के द्वारा करवा लिया है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय एवं MoEFCC की वेबसाइट parivesh.nic.in पर उपलब्ध हैं।

श्री ताजु डेण्डोर

हेतुक दर्शित करने के लिये सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान न्यायाधीश महोदय पारीवारिक न्यायालय सं.2 स्थान भीलवाड़ा

प्रकरण संख्या 580 वर्ष 2023 मु.दी. (38)

रोहित पारीक प्रार्थी V/S वैशाली पारीक विपक्षी प्रार्थना पत्र वास्ते Sec.13 हिन्दु विवाह अधिनियम

नाम लव बाघेला पिता नामालुम जाति ... निवासी C/o लवरूप क्राकरी चेतक सर्कल तहसील... जिला उदयपुर

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि जिसकी नकल संलग्न है-

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए ता.07.04.25 पूर्वाहन में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा सम्यक रूप से जिसे अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज ता.06.03.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

(मुहर) वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय सं.-02,
भीलवाड़ा

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल
कलालवाटी, राजनगर जिला-राजसमंद 313324
Web. : www.environment.rajasthan.gov.in, Email: rorpcb.rajsamand@gmail.com
क्र.-रा.प्र.नि.म./राजसमन्द जनसुनवाई/2038
पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिये आम सूचना दि.:10/3/2025

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स बिदाजी स्टोन्स, द्वारा ग्रेनाईट माईनिंग प्रोजेक्ट, एम.एल. संख्या 02/2024, क्षेत्रफल 2.3272 हे., उत्पादन क्षमता-2,14,286 टीपीए (रोम), क्लस्टर क्षेत्रफल 15.6844 हैक्टेयर, खसरा सं .- 224, 227, 228, 229, निकट ग्राम- मुरवाड़ा, तह. देवगढ़, जिला-राजसमन्द (राज.) में प्रस्तावित है। क्लस्टर में स्थित खनन पट्टे (1) मैसर्स बिदाजी स्टोन्स, एम.एल. संख्या 02/2024, क्षेत्रफल- 2.3272 हैक्टेयर (2) मैसर्स कृष्णा स्टोनेक्स, एम.एल. सं. 16/2022. क्षेत्रफल - 2.8560 हैक्टेयर, (3) मैसर्स शुभ स्टोनेक्स, एम.एल. संख्या 14/2020, क्षेत्रफल-3.9902 हैक्टेयर, (4) मैसर्स श्री तिरूपति स्टोनेक्स, एम.एल.सं. 12/2020, क्षेत्रफल-3.5110 हैक्टेयर, (5) श्री बाबु लाल चौधरी एम.एल. संख्या- 21/2018, क्षेत्रफल - 3.00 हैक्टेयर है। उक्त खनन मय क्लस्टर परियोजना से संबंधित प्रस्ताव बाबत् पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन स्टेट इनवायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। 2. चूंकि मैसर्स बिदाजी स्टोन्स द्वारा ग्रेनाईट माईनिंग प्रोजेक्ट खनन मय क्लस्टर परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में पर्यावरणीय जन सुनवाई हेतु आवेदन मय दस्तावेजों के साथ राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (वहां तथा बाद में मंडल के नाम से अभीलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है 3. चूंकि मंडल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरणीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या SO 1533 दि. 14/9/2006 के प्रावधानों के अनुसरण में संपूर्ण क्लस्टर की जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है 4 उक्त परियोजना से संबंधित पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार निम्न कार्यालयों में उपलब्ध है 1. कार्यालय जिला कलेक्टर राजसमंद 2. कार्यालय जिला परिषद,राजसमंद 3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल-4 पर्यावरण मार्ग,संस्थानिक क्षेत्र, झालानाडूंगरी,जयपुर 4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर 5. कार्यालय जिला उद्योग केंद्र, राजसमंद 6. कार्यालय खान एवं भूविज्ञान विभाग आमेट 7. क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ए 209 218 अरण्य भवन, महात्मा गांधी रोड झालाना संस्थानिक क्षेत्र जयपुर 8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, राजसमंद 9. उपखण्ड अधिकारी, कार्यालय देवगढ़, जिला राजसमंद 10. तहसील कार्यालय देवगढ़, राजसमंद अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आप उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण के निपटारे के लिए जन सुनवाई हेतु दि. 6/5/2025 (मंगलवार) को ग्राम पंचायत भवन, पारडी तहसील-देवगढ़, जिला-राजसमंद में प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपने सुझाव/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है इस संबंध में लिखित सुझाव/आक्षेप सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अंदर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय, राजसमंद में भी प्रस्तुत कर सकते हैं

क्षेत्रीय अधिकारी रा.रा.प्र.नि.म., उदयपुर

Joint Director school education, Udaipur range,Udaipur

क्रमांक:-संयुनि/स्कूल/शिक्षा/उदय/लेखा/2025/154-155 दिनांक:18/03/2025

Notice Inviting Bid

Bids for Computer Parts Printer Refiling Repairing Computer Repairing and Printing and Stationery for Joint Director school education Udaipur are invited from interested bidders upto 01.00 PM date 25-03-2025, other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (HTTP://SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN)

UBN-EDU2425GSLB00116/EDU2425GSLBO0117

संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा)
उदयपुर संभाग, उदयपुर